संचिका संख्या–01/स्था०राज०–345/2025– 89

**बिहार सरकार**

**गन्ना उद्योग विभाग**

प्रेषक,

**अरूण कुमार,**
अवर सचिव।

सेवा में,

**प्रभारी पदाधिकारी,**
वित्त (वै०दा०वि०को०) विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक– 16 जनवरी, 2026

विषय :– **श्री ज्ञानेन्द्र नारायण झा, सहायक निदेशक, ईख विकास, मुजफ्फरपुर का दिनांक–09.07.2025 से 22.07.2025 तक प्रभार रहित अवधि के विनियमन की स्वीकृति के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि कृषि विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–3209 दिनांक–30.06.2025 के क्रमांक–35 द्वारा श्री ज्ञानेन्द्र नारायण झा, सहायक निदेशक (शष्य) एवं समकक्ष की सेवा गन्ना उद्योग विभाग में सौंपी गयी। प्रखंड विकास पदाधिकारी, साहेबपुर कमाल के आदेश ज्ञापांक–971 दिनांक–08.07.2025 से श्री झा को 08.07.2025 के अपराह्न से विरमित किया गया। श्री ज्ञानेन्द्र नारायण झा द्वारा उक्त अधिसूचना के आलोक में दिनांक–09.07.2025 के पूर्वाह्न में गन्ना उद्योग विभाग में पदस्थापन हेतु अपना योगदान समर्पित किया गया।

विभागीय आदेश संख्या–1035 दिनांक–22.07.2025 क्रमांक–11 द्वारा श्री ज्ञानेन्द्र नारायण झा को सहायक निदेशक, ईख विकास, मुजफ्फरपुर के रिक्त पदों के विरूद्ध पदस्थापित किया। श्री ज्ञानेन्द्र नारायण झा के द्वारा सहायक निदेशक, ईख विकास, मुजफ्फरपुर कार्यालय में प्रभार योगदान दिनांक–23.07.2025 को पूर्वाह्न में ग्रहण किया गया है। इस प्रकार प्रभार रहित अवधि दिनांक–09.07.2025 से 22.07.2025 तक है।

अतएव वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–10128 दिनांक–26.12.2003 एवं आंतरिक वित्तीय सलाहकार के परामर्श के आलोक में श्री ज्ञानेन्द्र नारायण झा, सहायक निदेशक, ईख विकास, मुजफ्फरपुर का प्रभार रहित अवधि दिनांक–09.07.2025 को पदस्थापन के अनिवार्य प्रतीक्षा के रूप में दिनांक–10.07.2025 को पारगमन काल के रूप में एवं दिनांक–11.07.2025 से 22.07.2025 तक को कार्यरत अवधि के रूप में विनियमित की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. इस पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति तथा अपर मुख्य सचिव, गन्ना उद्योग विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

16/01/2026

**अवर सचिव।**

**ज्ञाप संख्या–01/स्था०राज०–345/2025– 89, /पटना, दिनांक– 16 जनवरी, 2026**

प्रतिलिपि– महालेखाकार वीरचचन्द पटेल पथ पटना/कोषागार पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर एवं उप सचिव, कृषि विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/01/2026

**अवर सचिव।**

**ज्ञाप संख्या–01/स्था०राज०–345/2025– 89, /पटना, दिनांक– 16 जनवरी, 2026**

प्रतिलिपि– विभागीय लेखा शाखा/श्री ज्ञानेन्द्र नारायण झा, सहायक निदेशक, ईख विकास, मुजफ्फरपुर/श्रीमती शालीनता रानी, आई.टी. प्रबंधक, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16/01/2026

**अवर सचिव।**